पत्रांक – हे०न०ब०/राजभाषा/2023/455 दिनांक – 18/9/2023

''राजभाषा हिंदी के प्रयोग में संकोच नहीं स्वाभिमान का अनुभव करें।''

कार्यालय ज्ञापन

विषयः– हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल में 14 सितंबर 2023 से 29 सितंबर 2023 के दौरान **हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम** में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ।

राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रयोग को बढावा देने के उद्देश्य से समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसरण में तथा केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रति जागरुकता तथा इसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से सक्षम प्राधिकारी, हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल का अनुमोदन प्राप्त कर दिनांकः 14 सितंबर से 29 सितंबर 2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों/छात्र/छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सफल प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। हिंदी पखवाड़ा का कार्यक्रम और पुरस्कार की राशि तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं निम्नलिखित हैः

1. **दिनांक 20.9.2023 बुधबार, समयः– 03–04 बजे अपराह्न,** हिंदी से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
2. **दिनांक 22.9.2023 शुक्रवार, समयः– 03–04 बजे अपराह्न,** हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता, इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
3. **दिनांक 23.9.2023 शनिवार, समयः–03–04 बजे अपराह्न,** निबंध प्रतियोगिता विषयः **'' वैश्विक मंच पर राजभाषा हिंदी '' अथवा '' हिंदी के विकास में मीडिया की भूमिका ''**

   इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
4. **दिनांक 25.9.2023 सोमवार, समय :– 03–04 बजे अपराह्न,** श्रुतलेख एवं सुलेख प्रतियोगिता इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
5. **दिनांक 27.9.2023 बुधवार, समयः 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक,** छात्र/छात्राओं के लिए प्रतियोगिता।

   विषय (निबंध) – **''राजभाषा हिंदी और तकनीकी प्रयोग की संभावनाएं''**

   विषय (काव्यपाठ) – **स्वरचित काव्यपाठ राजभाषा हिंदी से संबंधित कविता**

अन्य व्यवस्थाएं :

1. प्रतियोगिता में पुरस्कार की राशि, प्रथम पुरस्कारः रु.2000/–, दूसरा पुरस्कार : रु. 1500/–, तीसरा पुरस्कार रु. 1000/– प्रोत्साहन हेतु रु 500/– दी जाएगी।

2. कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु प्रपत्र संलग्नक है जिसे विभाग/अनुभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा अग्रसारण कर राजभाषा प्रकोष्ठ में जमा करवाने का कष्ट करें।

प्रतियोगिताओं के सम्बन्ध में अनुदेशः–

पुरस्कारों के निर्णय सम्बन्धित समिति, राजभाषा प्रकोष्ठ का होगा और उनका निर्णय अन्तिम तथा बाध्यकारी होगा।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लें और हिंदी पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्य को सफल बनाएं। नामांकन प्रपत्र कार्यालय ज्ञापन के साथ संलग्नक है । अतः इसे समय पर प्रतियोगिता से पहले भरकर हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ/विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग में जमा करने का कष्ट करें, जिससे कि उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :

1. समस्त संकायाध्यक्ष/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/परिसर निदेशक/मुख्य नियंता/मुख्य छात्रावास अधीक्षक/पुस्तकालयाध्क्ष को आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने अधीनस्थ समस्त विभागों में प्रसारित करने का कष्ट करें।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति/कुलपति, सचिवालय को माननीय प्रतिकुलपति/कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ ।
3. समस्त संयुक्त कुलसचिव/उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अधिशासी अभियंता/समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के सूचनार्थ ।
4. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी /कुलसचिव ।
5. प्रभारी सिस्टम मैनेजर, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
6. जनसूचना अधिकारी, सूचना प्रसारण संबंधित कार्य निष्पादन हेतु ।
7. सूचना पटल ।

कुलसचिव

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल

कार्यालय ज्ञापन हिंदी पपत्र

हिन्दी पखवाडा (दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2023 को अपराहन 3.00 बजे से 4.30 बजे तक) के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रपत्र ।

क्र.सं.	अधिकारी / कर्मचारी का नाम	पद नाम	विभाग / अनुभाग	मेबाइल नंबर	प्रतियोगिता का नाम व दिनांक	प्रतिभागी के हस्ताक्षर दिनांक सहित
1.						
2.						
3.						
4.						
5.						
6.						
7.						

विभागाध्यक्ष / नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर

समन्वयक राजभाषा